भास्कर एक्सक्लूसिव मावां-धीयां योजना... पटियाला में सबसे ज्यादा 28,952 महिलाओं के आवेदन पेंडिंग सूची में

पंजाब में 2.85 लाख महिलाओं के आवेदन ऑटो-वेरिफिकेशन में अटके

हरपाल रंधावा | चंडीगढ़

मावां धीयां सत्कार योजना में आर्थिक सहायता का इंतजार कर रहीं लाखों महिलाओं को बड़ा झटका लगा है। 14 जुलाई 2026 तक योजना में करीब 68.90 लाख (लगभग 69 लाख) महिलाओं ने पंजीकरण कराया, लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2,85,535 आवेदन ऑटो-वेरिफिकेशन में फेल होकर पेंडिंग सूची में चले गए। अब इन सभी मामलों की मैन्युअल जांच होगी। जांच में यदि दस्तावेज या पात्रता नियमों के अनुरूप नहीं मिले तो आवेदन निरस्त भी किए जा सकते हैं। हालांकि, जिन मामलों में केवल तकनीकी या दस्तावेजी त्रुटियां होंगी, उन्हें सुधार का मौका मिलने की संभावना है। आंकड़े बताते हैं कि 36,974 आवेदन सुपरवाइजर स्तर पर मंजूरी का इंतजार भी कर रहे हैं। यानी कुल मिलाकर 3.22 लाख से अधिक आवेदन अभी अंतिम मंजूरी से दूर हैं। अधिकांश आवेदन आधार और बैंक खाते में नाम का मिसमैच, गलत दस्तावेज, साझा बैंक खाते और डुप्लीकेट आवेदन जैसी तकनीकी वजहों से अटके हैं। इधर सामाजिक सुरक्षा महिला एवं बाल विकास विभाग की डायरेक्टर शेना अग्रवाल का कहना है कि यह आवेदन ऑटो-वेरिफिकेशन में अटके हैं।

मोहाली में सबसे कम आवेदन रुके

जिलावार आंकड़ों में पटियाला सबसे आगे है, जहां 28,952 में अटके हैं। इसके बाद लुधियाना 21,930, गुरदासपुर 20,525, जालंधर 19,435 व संगरूर 18,374 का नंबर है। वहीं, मोहाली में सबसे कम 2,723 आवेदन रुके हैं।

सुपरवाइजर स्तर पर 36,974 आवेदन लंबित

36,974 आवेदन सुपरवाइजर स्तर पर लंबित हैं। इनमें गुरदासपुर (4,687) सबसे ऊपर है। संगरूर (3,200), लुधियाना (3,164) और पटियाला (3,104) हैं। अधिकारियों का कहना है आवेदनों के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है।

जिलावार ऑटो-वेरिफिकेशन में अटके आवेदन

जिला	आवेदन		
पटियाला	28,952	मानसा	12,073
लुधियाना	21,930	फिरोजपुर	11,658
गुरदासपुर	20,525	फरीदकोट	9,577
जालंधर	19,435	मालेरकोटला	9,300
संगरूर	18,374	पठानकोट	8,707
अमृतसर	17,810	रोपड़	6,467
फाजिल्का	16,728	तरनतारन	5,839
मोगा	14,936	नवांशहर	5,454
मुक्तसर	14,823	बरनाला	5,383
होशियारपुर	14,551	कपूरथला	4,389
बठिंडा	12,145	फतेहगढ़	3,756
		मोहाली	2,723

सुरक्षा और आयोजन व्यवस्था के बाद फिर लगी कुर्सियां

पीएम के कार्यक्रम के लिए हटाई नहीं, बल्कि अस्थायी तौर पर शिफ्ट की गई थीं कुर्सियां

जींद | रेलवे की ओर से जींद जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर लगाई गई कुर्सियां और उन पर बैठे यात्री।

भास्कर न्यूज | जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाइड्रोजन ट्रेन शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जींद जंक्शन के प्लेटफॉर्म से कुर्सियां हटाई नहीं गई थीं, बल्कि सुरक्षा व आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं के तहत अस्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट की गई थीं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद इन्हें फिर पहले की तरह प्लेटफॉर्म पर स्थापित कर दिया गया। यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था स्थायी रूप से समाप्त नहीं की गई थी। रेलवे के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से जींद जंक्शन का नया भवन विकसित किया गया है। स्टेशन पर यात्रियों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ स्वचालित सीढ़ियां और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

भूल सुधार

दैनिक भास्कर में 20 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर में यह तथ्य पर्याप्त स्पष्ट नहीं हो सका था कि प्लेटफॉर्म से हटाई गई कुर्सियां कार्यक्रम की सुरक्षा व आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए अस्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट की गई थीं और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से पहले की तरह प्लेटफॉर्म पर स्थापित कर दिया गया था। इस तथ्य को पर्याप्त स्पष्टता से प्रस्तुत न कर पाने के लिए हमें खेद है।

बहबल कलां गोलीकांड • चौथी बार विशेष जांच टीम के सामने पेश हुए शिअद प्रधान

एसआईटी ने दो घंटे की पूछताछ, सुखबीर बादल बोले- बार बार बुलाकर क्या मिलेगा

कहा- यह जांच नहीं है, बस राजनीतिक बदले की कार्रवाई

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

बहबल कलां गोलीकांड की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने सोमवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से करीब दो घंटे तक पूछताछ की। सेक्टर-32 स्थित पंजाब पुलिस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में हुई पूछताछ के बाद बादल ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पूरी जांच को राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार बुलाकर क्या मिलेगा। उनके खिलाफ कुछ नहीं है।

2015 के इस मामले में एसआईटी के सामने चौथी बार पेश हुए सुखबीर बादल ने कहा कि उन्होंने हर समन का सम्मान किया और हर सवाल का जवाब दिया। लेकिन 11 साल बाद भी जांच पूरी नहीं होना साबित करता है कि सरकार की मंशा असली दोषियों तक पहुंचने की नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश देने की है। उन्होंने कहा, "अगर जांच निष्पक्ष होती तो अब तक नतीजा सामने आ चुका होता। यहां सिर्फ यह दिखाया जा रहा है कि सुखबीर बादल से पूछताछ हो रही है।' बादल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पांच साल और आम आदमी पार्टी सरकार के पांच साल बीत जाने के बावजूद जांच किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि हत्या जैसे मामलों में आरोपियों तक जल्दी पहुंचा जाता है, लेकिन इस मामले में केवल राजनीति की जा रही है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि "आज मुझे जिस जगह बुलाया गया है, कल यहीं भगवंत मान को भी आना पड़ेगा। अकाली दल किसी दबाव से डरने वाला नहीं है।" उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूछताछ के नाम पर बार-बार वही सवाल पूछे जाते हैं और आखिर में "चाय-समोसे' खिलाकर भेज दिया जाता है। अकाली दल के नेताओं ने भी सरकार पर निशाना साधा।

पूछताछ के बाद वर्करों से मिलते सुखबीर बादल।

100 से ज्यादा सवाल किए, अब सुखबीर के जवाबों की होगी क्रॉस-वेरिफिकेशन, दोबारा किए जा सकते हैं तलब

भास्कर इनसाइट

चंडीगढ़। बहबल कलां गोलीकांड की जांच में सोमवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से हुई पूछताछ को मौजूदा विशेष जांच टीम (एसआईटी) की अब तक की सबसे अहम कार्रवाई माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक करीब दो घंटे तक चली पूछताछ के दौरान पांच सदस्यीय एसआईटी ने सुखबीर बादल से 100 से अधिक सवाल किए। इनमें 2015 के घटनाक्रम, तत्कालीन सरकार की भूमिका, पुलिस कार्रवाई, प्रशासनिक फैसलों, अधिकारियों के बीच समन्वय और पहले दर्ज बयानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से पूछताछ हुई। जांच से जुड़े सूत्रों का दावा है कि कई अहम सवालों पर मिले जवाबों से एसआईटी पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। इसी वजह से अब पूछताछ के दौरान दर्ज बयानों का केस डायरी, सरकारी दस्तावेजों, कॉल रिकॉर्ड, आधिकारिक पत्राचार और पहले पूछताछ किए जा चुके अधिकारियों व अन्य गवाहों के बयानों से विस्तृत मिलान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार पूछताछ केवल बयान दर्ज करने तक सीमित नहीं रही। एसआईटी ने पुराने रिकॉर्ड के आधार पर क्रमवार सवाल पूछे, ताकि पहले दिए गए बयानों और मौजूदा जवाबों में किसी संभावित विरोधाभास की पड़ताल की जा सके। जिन बिंदुओं पर अतिरिक्त स्पष्टीकरण की जरूरत महसूस हुई, उन्हें अलग से चिन्हित किया गया है। जांच एजेंसी अब तकनीकी और दस्तावेजी स्तर पर पूरे बयान की क्रॉस-वेरिफिकेशन करेगी। यदि जांच के दौरान कोई नया तथ्य सामने आता है या किसी जवाब में विरोधाभास मिलता है तो सुखबीर सिंह बादल को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि एसआईटी का फोकस 2015 की घटनाओं की पूरी 'चेन ऑफ कमांड' और 'चेन ऑफ डिसीजन मेकिंग' स्थापित करने पर है।

क्या है मामला... 2015 में फरीदकोट जिले में बुर्ज जवाहर सिंह वाला गुरुद्वारे से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की प्रति चोरी होने, बरगाड़ी और बुर्ज जवाहर सिंह वाला में कथित बेअदबी से जुड़े हस्तलिखित पोस्टर लगाए जाने तथा बरगाड़ी में पवित्र ग्रंथ के अंग भंग की घटनाएं सामने आई थीं। इन घटनाओं के बाद अक्टूबर 2015 में फरीदकोट में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। बहबल कलां में पुलिस फायरिंग में दो युवकों की मौत हो गई थी, जबकि कोटकपूरा में भी कई लोग घायल हुए थे।

कार एंबुलेंस से भिड़ी, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत 2 की मौत

गन्नौर (सोनीपत) | हरिद्वार गंगा स्नान के लिए सोनीपत से निकले श्रद्धालुओं की कार रविवार रात उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के भसाना गांव के पास एंबुलेंस से भिड़ गई। हादसे में सोनीपत लघु सचिवालय में कंप्यूटर ऑपरेटर वीरेंद्र उर्फ मोनू (35) और सीमा (45) की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है, जिनमें मंजीत की हालत नाजुक बताई जा रही है।

रात करीब 11 बजे हुई आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। शुरुआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने कार सवारों के नशे में होने की आशंका जताई है।

हिप्र : कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ भाषा पर संयम रखें जयराम : विनय कुमार

शिमला | प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह उनके वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अपनी भाषा पर संयम रखते हुए उनके नेताओं का अपमान करने की कोशिश न करें। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों तक कि आहुति दी है, ऐसे में इन नेताओं की याद में उच्च संस्थाओं के नामकरण कोई गलत निर्णय नहीं। विनय कुमार ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वह प्रदेश में झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास करती रही है। प्रदेश में नगर निकायों व ग्राम पंचायतों के चुनावों में अधिकतर कांग्रेस से जुड़े लोग जीत कर आएं है। ऐसे में भाजपा का यह दावा सरासर झूठ व गुमराह करने वाला है कि पंचायती चुनाव परिणाम प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनादेश है।

चरखी दादरी में अवैध खनन मामले में कोर्ट की टिप्पणी

थ्री डी सैटेलाइट इमेजिंग से होगी खनन क्षेत्र की निगरानी

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने अरावली के इलाकों में हो रहे बड़े पैमाने पर अवैध खनन और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। कोर्ट ने अब तकनीक का सहारा लेने का निर्णय लिया है। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह एक ऐसी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करे, जिससे खनन साइटों की थ्री डी सैटेलाइट इमेजरी और कोऑर्डिनेट्स को समय समय पर (हर 6 महीने या एक साल में) सुरक्षित रखा जा सके और इन्हें पब्लिक डोमेन में डाला जाए। अगली सुनवाई 27 जुलाई तक केंद्र और हरियाणा सरकार को इस पर अपना जवाब और प्रस्तावित एसओपी का ब्योरा देना होगा।

अपराध पता है, पर अपराधी नहीं : चरखी दादरी के पिचोपा कलां गांव में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का मामला सामने आने के बाद कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि उन्हें यह तो पता है कि पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया गया है और लूट हुई है लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार को पकड़ा नहीं जा सका है। कोर्ट ने माना कि यह मामला न केवल पर्यावरण नियमों का उल्लंघन है बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की खुली लूट है।

कोर्ट के निर्देश- एसओपी तैयार हो : केंद्र सरकार ऐसी एसओपी बनाए जिससे सैटेलाइट से खनन क्षेत्रों की सटीक निगरानी हो सके।

सार्वजनिक हो जानकारी: खनन साइटों की थ्री डी इमेज को पब्लिक डोमेन में रखा जाए ताकि आम नागरिक भी अगर कोई उल्लंघन देखे, तो शिकायत कर सके। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अगर अधिकारी नाकाम रहते हैं, तो कोर्ट खुद कार्रवाई करेगी।

अरावली की तबाही पर चिंता: याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि खनन की स्वीकृत सीमा से कहीं ज्यादा खुदाई की गई है, जिससे खेती योग्य जमीन और पर्यावरण तबाह हो गया है। पहले भी हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार की लापरवाही और अधिकारियों की मिलीभगत पर कड़ी फटकार लगाई थी। अब कोर्ट चाहता है कि 2016-2025 के बीच की स्थिति का पता लगाने के लिए सैटेलाइट डेटा का उपयोग किया जाए ताकि असल नुकसान का आकलन हो सके।

शादी समारोहों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

गुरुग्राम | गुरुग्राम पुलिस ने शादी समारोहों में मेहमान बनकर नकदी और आभूषण चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के 9 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में चोरी व डकैती के 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को सोहना-पलवल रोड स्थित अग्रसेन भवन में एक लग्न समारोह के दौरान नकदी, आभूषण और अन्य सामान से भरा बैग चोरी हो गया था। जांच के दौरान सोहना क्राइम ब्रांच ने भोपाल रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश के राजगढ़ निवासी निकिल (21) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गिरोह शादी समारोहों में मेहमान बनकर प्रवेश करता था और नकदी व आभूषणों के लेन-देन पर नजर रखकर मौका मिलते ही बैग चोरी कर फरार हो जाता था।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
आरओ गुड़गाँव ; संस्थागत प्लॉट सं. 151 सेक्टर–44, गुड़गाँव–122003 फो. 0124–4843537

शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र 30.07.2026 को होने वाले ई–नीलामी के सन्दर्भ में है, जो 11.07.2026 को इस समाचारपत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें 1. पुनीत पराशर की क्रम सं. 8 पर सम्पत्ति का मामला DRT II चंडीगढ़ OA/133/2022 पीएसबी बनाम पुनीत पराशर 2. राकेश कुमार और सुमन देवी की क्रम. सं. 6 पर सम्पत्ति का मामला DRT II चंडीगढ़ SA/193/2022 राकेश कुमार बनाम पीएसबी में है। बाकी नियम और शर्तें वैसी ही रहेंगी।

दिनांकः 21.07.2026 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थानः गुड़गाँव पंजाब एण्ड सिंध बैंक

फोरलेन निर्माण में कंपनी पर लापरवाही का आरोप

जसूर में फूटा लोगों का गुस्सा, डेढ़ घंटे तक एनएच-154 जाम

जसूर में एनएच-154 को जाम कर प्रदर्शन करते लोग।

भास्कर न्यूज | नूरपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर जसूर में सोमवार को फोरलेन निर्माण के दौरान नाली सफाई का मलबा मुख्य सड़क पर फैलने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मलबे और कीचड़ के कारण सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई, जिससे महिला और बच्चों सहित कई दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर गए और चोटिल हो गए। हादसों से नाराज स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक रहे जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलते ही एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा, पुलिस और फोरलेन कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम अरुण शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासियों के आग्रह पर सफाई चल रही थी, लेकिन अब बारिश के मौसम को देखते हुए कार्य बंद करा दिया गया है।

अब यू-ट्यूब पर भी कर मां नयनादेवी के लाइव दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

नयनादेवी | प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां नयनादेवी के लाइव दर्शन श्रद्धालु अब घर बैठे ही यू-ट्यूब पर भी कर सकेंगे। इसी तरह धार्मिक नगरी में पहंुचने वाले श्रद्धालुओं को एलईडी डिस्पले यूनिट्स के माध्यम से भी नयना मां के मंदिर में दर्शन की सुविधा मिलेगी। सोमवार को डीसी राहुल कुमार ने श्रावण अष्टमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर विभिन्न ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं के साथ ही मॉडर्न टेक्नोलॉजी से स्थापित सोलर हट्स का शुभारंभ भी किया। इन सोलर हट्स में श्रद्धालुओं को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ नयनादेवी में हर साल करोड़ों श्रद्धालु दर्शन करने पहंुचते हैं। मंदिर न्यास की ओर से श्र सोमवार को ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं का शुभारंभ किया गया।

चार साल बाद गूंजेगा हुरंग का देवधाम, 24 जुलाई तक चलेगा काहिका उत्सव

पधर | चौहारघाटी के ऐतिहासिक हुरंग गांव में आराध्य बड़ा देव हुरंग नारायण का चार वर्ष बाद आयोजित होने वाला बड़ा काहिका उत्सव 22 से 24 जुलाई तक धार्मिक आस्था, प्राचीन देव परंपराओं और लोक संस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव के दौरान पूरा हुरंग गांव देव वाद्य यंत्रों की सुरीली ध्वनि, देव समागम और पारंपरिक अनुष्ठानों से गुंजायमान रहेगा। उत्सव में मंडी और कुल्लू जिले से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

कांगड़ा जिप में भाजपा का परचमः सीमा देवी अध्यक्ष और अभिमन्यु उपाध्यक्ष बने

54 में से 39 सदस्य रहे मौजूद, आसानी से पूरा हुआ कोरम

भास्कर न्यूज | धर्मशाला

कांगड़ा जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए सोमवार को आयोजित चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। बैठक में आवश्यक कोरम पूरा होने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें दोनों पदों पर एक-एक ही नामांकन पत्र दाखिल हुआ। इसके चलते सीमा देवी को जिला परिषद अध्यक्ष और अभिमन्यु को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। दोनों पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत के साथ जिला परिषद में भाजपा ने अपना परचम लहरा दिया। परिणाम घोषित होते ही जिला परिषद परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का फूल-मालाएं पहनाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कांगड़ा के उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला परिषद कांगड़ा में कुल 54 वार्ड हैं। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया के लिए दो-तिहाई यानी 36 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी। बैठक में 39 सदस्य मौजूद रहे, जिससे कोरम आसानी से पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सीमा देवी तथा उपाध्यक्ष पद के लिए अभिमन्यु का केवल एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए जाने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी और दोनों को नियमानुसार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस मौके जिला परिषद अध्यक्ष सीमा देवी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निभाएंगी।

कांगड़ा जिला परिषद अध्यक्ष सीमा देवी और उपाध्यक्ष अभिमन्यु।

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएनः U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
(कार्यालय : नियंत्रक भंडार एवं निपटान (दक्षिण), पीएसपीसीएल, पटियाला)
(ईमेल : cosandds@gmail.com, मोबाइल नंबर : 96461-19412, 96461-48165)

स्क्रैप ई-ऑक्शन नोटिस

पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) पंजाब भर के विभिन्न ट्रांसफार्मर रिसीविंग यार्डों, केंद्रीय भंडारों (Stores), TRYs और आउटलेट स्टोर्स में पड़े लगभग 40954 क्षतिग्रस्त/अनुपयोगी (Damaged/Unserviceable) वितरण ट्रांसफार्मरों (अनुमानित कुल शुरुआती कीमत रुपये 56.91 करोड़) और सामान्य कबाड़ (General Scrap), बैटरी कबाड़, ई-कचरा (E-waste), प्लास्टिक कचरा (अनुमानित कुल शुरुआती कीमत रुपये 4.74 करोड़) के निपटान के लिए 22.07.2026 को एक फॉरवर्ड ई-नीलामी आयोजित करेगा, जिसे प्रत्येक स्थान के लिए अलग-अलग कई लॉट में पेश किया जाएगा। यह ई-नीलामी वेबसाइट पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/index_new.jsp पर आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी के नियम और शर्तों, शुद्धिपत्र (corrigendum) और सामग्री सूची आदि के साथ विस्तृत नीलामी कैटलॉग वेबसाइट mstcindia.co.in/content/Forthcoming_e_Auctions_For_All_regions.aspx और https://www.pspcl.in/e-auction-notice.aspx पर उपलब्ध होगा। पंजीकरण (registration) से संबंधित प्रश्नों के लिए कृपया फोन नंबर 7229068247 या 7230022882 पर संपर्क करें।

1079/12/2026-27/13448 C739/26

इंडियाबुल्स लिमिटेड
(सीआईएनः L64200HR2007PLC077999, वेबसाइटः www.indiabulls.com)
पंजीकृत कार्यालयः पाँचवीं मंजिल, प्लॉट संख्या 108, आईटी पार्क, उद्योग विहार, फेज–1, गुरुग्राम – 122016, हरियाणा।

सार्वजनिक सूचना

जबकि, मेसर्स इंडियाबुल्स लिमिटेड, हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर–104, गुरुग्राम मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स में 34.501 एकड़ ज़मीन पर अलग–अलग हिस्सों/चरणों में एक ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी (टीओडी पॉलिसी–2016 के तहत) विकसित करने की प्रक्रिया में है। यह विकास कार्य डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ ('डीटीसीपी') द्वारा जारी लाइसेंस संख्या 246/2007 दिनांक 29.10.2007, 56/2011 दिनांक 23.06.2011, 37/2012 दिनांक 22.04.2012, 66 एवं 67/2012 दिनांक 21.06.2012, 43 एवं 44/2014 दिनांक 16.06.2014 तथा 66/2026 दिनांक 16.04.2026 के प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है।

"और जबकि", उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी की चरणबद्ध विकास योजना (जिसे आगे "परियोजना चरणबद्ध विकास योजना)' कहा जाएगा, जिसे पूर्व में "डीटीसीपी" के "ज्ञापन संख्या ZP-968-IV/AD(VK)/2023/43622 दिनांक 27.12.2023" तथा "ज्ञापन संख्या ZP-968-VIII/JD (RD)/2024/30188 दिनांक 24.09.2024" (अनुमोदित चरणबद्ध विकास योजना) के माध्यम से अनुमोदित किया गया था, अब संशोधित किए जाने का प्रस्ताव है। इस संबंध में "डीटीसीपी" द्वारा "ज्ञापन संख्या ZP-968-IX/SD(RD)/2026/24754 दिनांक 13.07.2026" के माध्यम से सिद्धांततः स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है (संशोधित चरणबद्ध विकास योजना)।

"और जबकि", उपर्युक्त संदर्भित "दिनांक 13.07.2026" के ज्ञापन के माध्यम से "डीटीसीपी" कार्यालय द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि पूर्व में अनुमोदित चरणबद्ध विकास योजना में प्रस्तावित संशोधन की अनुमति प्रदान करने की पूर्व शर्त के रूप में "चरण–4 के प्रत्येक वर्तमान आवंटी" से उक्त संशोधन के संबंध में "आपत्तियाँ/सुझाव" आमंत्रित किए जाएँ।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से चरण–4 के वर्तमान आवंटियों से संशोधित चरणबद्ध विकास योजना के संबंध में, यदि कोई "आपत्तियाँ/सुझाव" हों, तो आमंत्रित किए जाते हैं। पूर्व में अनुमोदित चरणबद्ध विकास योजना तथा संशोधित चरणबद्ध विकास योजना, चरण–4 के वर्तमान आवंटियों के अवलोकन/संदर्भ हेतु निम्नलिखित स्थानों पर उपलब्ध हैं: (क) हमारी वेबसाइट: www.indiabulls.com, (ख) अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय, "मेसर्स इंडियाबुल्स लिमिटेड", 5वीं मंजिल, प्लॉट संख्या 108, आईटी पार्क, उद्योग विहार, फेज–1, गुरुग्राम–122016, (ग) परियोजना स्थल कार्यालय, सेक्टर–104, गुरुग्राम मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स, गुरुग्राम, हरियाणा, (घ) वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम के कार्यालय, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–14, गुरुग्राम, हरियाणा।

चरण–4 के किसी भी वर्तमान आवंटी को यदि उक्त संशोधित चरणबद्ध विकास योजना के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से "तीस (30) दिनों" के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव वरिष्ठ नगर योजनाकार, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–14, गुरुग्राम के कार्यालय तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि प्रस्तावित "संशोधित चरणबद्ध विकास योजना" के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है तथा संबंधित आवंटियों की सहमति स्वतः प्राप्त मानी जाएगी।

मेसर्स इंडियाबुल्स लिमिटेड के लिए

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 21.07.2026 अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

भास्कर खास गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक और पानीपत में सबसे ज्यादा परेशानी

प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे में कंपनियों की गड़बड़ी, 12.88 लाख शिकायतें आईं, 2.86 लाख अर्जी खारिज

राजेश सैनी | हिसार

हरियाणा में बिना ग्राउंड वेरिफिकेशन के निजी कंपनियों द्वारा किए गए प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे का खमियाजा आज प्रदेश की आधी से ज्यादा आबादी भुगत रही है। रिकॉर्ड में खुलासा हुआ है कि लोगों ने 25 मार्च, 2025 से 16 जुलाई 2026 तक प्रॉपर्टी आईडी और टैक्स को ठीक कराने के लिए रिकॉर्ड 12 लाख 88 हजार 363 अापत्तियां दर्ज करवाई हैं। फरीदाबाद और गुरुग्राम में कुल 4.02 लाख से ज्यादा आपत्तियां आईं। शिकायतों को सुधारने के बजाय नगर निगमों और पालिकाओं के अधिकारियों ने 2 लाख 86 हजार 986 अर्जियों को खारिज कर दिया। यानी प्रदेश में हर 5वीं अर्जी को बिना सुधारे खारिज कर दिया गया। विभागीय आंकड़ों का यह खेल साफ दिखाता है कि कागजों पर तो 97.48% निपटारा दिख रहा है, लेकिन हकीकत में लाखों लोग दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

बड़े नगर निगमों का हाल



▪ प्रदेश की कुल शिकायतों का 43% हिस्सा सिर्फ इन 4 जिलों से है।

फरीदाबाद में सबसे ज्यादा फाइलें दबीं

▪ **फरीदाबादः** फरीदाबाद निगम क्षेत्र से 2,03,525 शिकायतें आईं, इसमें 52,955 रिजेक्ट हुईं।
▪ **गुरुग्रामः** यहां मुख्य शहर से 1,50,938 शिकायतें आईं, जबकि नवगठित मानेसर नगर निगम से भी 30,956 आपत्तियां दर्ज की गईं।
▪ **रोहतकः** रोहतक शहर से 70,925 शिकायतें आईं। अधिकारियों ने राहत देने के बजाय 15,220 अर्जियां खारिज कर दीं।
▪ **पानीपतः** पानीपत के 66,073 लोगों ने आब्जेक्शन फाइल किया, जहां 15,629 लोगों को रिजेक्शन का झटका लगा।
▪ **हिसारः** 55,947 लोगों ने अापत्तियां लगाई थीं, इसमें 15,004 फाइलें रिजेक्ट कर दी गई जबकि पेंडिंग फाइलें 1,609 हैं।
▪ **यमुनानगरः** निगम क्षेत्र में तो अधिकारियों ने यहां आईं 63,139 अापत्तियों में से 22,443 सीधे खारिज कर दीं। यहां का रिजेक्शन रेट सबसे ज्यादा 35.54% है।

छात्र ने अध्यापक की गर्दन पर पेचकस से किए कई वार

भास्कर न्यूज | नाथूसरी चौपटा (सिरसा)

सिरसा के नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव जमाल स्थ